मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 14/12/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 317/2024
14 दिसंबर 2024
भोगनाडीह, बरहेट, साहिबगंज
==========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन आज सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क भोगनाडीह, बरहेट में अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू, चांद- भैरव और वीरांगना फूलो- झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।
==========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज आयोजित कार्यक्रम में साहेबगंज एवं पाकुड़ जिला को दी बड़ी सौगात, विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण।
==========================

★ मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु हमसभी को एक साथ चलना होगा।
==========================

★ हमारी सरकार ने राज्य की आधी आबादी को किया सशक्त

★ अबुआ सरकार को दोबारा चुनने पर आप सभी का आभार

★ हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार

-- श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

=============================

यहां के आदिवासी-मूलवासी, किसान, मजदूर, गरीब और वंचित लोगों को सशक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है। अब राज्य के हर पात्र गरीब जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपए की सम्मान राशि पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को दी जाने वाली सम्मान राशि को हमारी सरकार ने 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने का काम किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज साहेबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ सरकार के दोबारा गठन के बाद आज मैं आप सबके बीच आया हूँ। आप ने इस चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अबुआ सरकार को चुनने का कार्य किया। इसके प्रति मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोग हो रहें लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद भी यहां के आदिवासी-मूलवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। हमारी सरकार की गठन के बाद से ही हम लगातार प्रदेश वासियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं, इसी क्रम में हमारी सरकार ने कई महत्वकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। एक-एक लोगों तक सरकार के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। अधिक से अधिक राज्यवासी योजनाओं से लाभान्वित हो इसी उद्देश्य के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है।

हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार है। यहां के गरीब, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लोगों के जरूरत के अनुरूप विकास की लकीर खींची जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आपसभी के उम्मीद, आकांक्षा और को टूटने नहीं दूंगा। हमारी सरकार विकास की नई गाथा लिखकर इस राज्य को अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं ईश्वर से यह कामना करता हूं कि आने वाला नववर्ष प्रत्येक राज्य वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उन्नति, वैभव एवं खुशहाली लेकर आए।

मुख्यमंत्री ने दी ये सौगात..

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहेबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। जिसमें कुल 224 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें 53 योजनाओं का उद्घाटन एवं 171 योजनाओं का शिलान्यास हुआ। वहीं पाकुड़ जिला को लगभग

10084.879 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। जिसमें कुल 107 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें 34 योजनाओं का उद्घाटन एवं 73 योजनाओं की रखी आधारशिला।

इस अवसर पर विधायक श्री हेमलाल मुर्मू, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक मो० ताजुद्दीन, विधायक श्री धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मोनिका किस्कू, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त श्री लालचंद डाडेल, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

###

==========================

TeamPRD(CMO)